**-:प्रेस नोट:-**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 30.07.2026**

- **थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वाँछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम, दिनाँक 26.07.2026 को थाना भोगनीपुर पर वादिनी द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि चाँद बाबू उर्फ भूरा पुत्र दफेदार निवासी नूरगंज पुखरायां थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात द्वारा वादिनी को शादी का झाँसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने तथा चोरी छुपे नग्न फोटो वीडियो बनाकर नयी-नयी इन्स्टाग्राम आईडी बनाकर फोटो वीडियो वायरल करने तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने, के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 254/2026 धारा 69/77/352/351(2) बीएनएस बनाम चाँद बाबू उर्फ भूरा पुत्र दफेदार निवासी नूरगंज मण्डी समिति पुखरायाँ थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया। थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त चाँद बाबू उर्फ भूरा पुत्र दफेदार उम्र 30 वर्ष निवासी नूरगंज मण्डी समिति पुखरायाँ थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 30.07.2026 को पुखरायां मंडी के पीछे चकचालपुर रोड थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण–**

1. चाँद बाबू उर्फ भूरा पुत्र दफेदार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी नूरगंज मण्डी समिति पुखरायाँ थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-**

1. चौकी प्रभारी पुखरायाँ उ0नि0 श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह
2. रि0आ0 406 विशाल